पंजाब केसरी 04/10/2022

# जी.एम.एन. कालेज में पोषण माह के तहत वंद छको अभियान चलाया

अम्बाला छावनी, 3 अक्तूबर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा पोषण माह के अंतर्गत वंद छको अभियान चलाया गया। इसमें स्वयंसेवकों ने स्वयं भांति-भांति के पौष्टिक भोजन बना जरूरतमंद लोगों को वितरित किए।

कालेज प्राचार्य डा. वी.के. जैन ने बताया इस अभियान के अंतर्गत हमारे विद्यार्थियों ने बड़े ही तत्परता से भाग लिया और जरूरतमंद लोगों



जरूरतमंद महिला को खाना देती कॉलेज छात्रा। (देवदत्त)

को स्वच्छ भोजन, स्वस्थ बने रहने के सूत्रों से अवगत करवाया।

कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि बांट कर खाना हमारी परम्परा है। इसमें स्वयंसेवकों ने स्वयं भांति-भांति के पौष्टिक भोजन बना जरूरतमंद लोगों को वितरित किए। हमारे गुरूओं ने भी सामाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बांटकर खाने को प्राथमिकता दी है।

डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वास्थ्यवर्धक भोजन बनाकर कुष्ठ आश्रम में वितरित किया एवं उन्हें स्वच्छ भोजन की गुणवत्ता के बारे में बताया।